खण्ड - 12 संख्या - 3

# बिहार विधान सभा वाद वृत्त

## मंगलवार, तिथि 30 जून, 1998 ई०

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा

का

कार्य-वितरण

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में

मंगलवार, तिथि 30 जून, 1998 ई० को पूर्वाह्न 11:15 बजे

अध्यक्ष, श्री देवनारायण यादव के सभापतित्त्व में प्रारम्भ हुआ।

दो अतिरिक्त कन्या उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती हैं ?

**श्री जय प्रकाश ना0 यादव :**

1- आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

2- आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि बेगुसराय विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत एक कन्या उच्च विद्यालय के अलावा 9(नौ) राजकीयकृत उच्च विद्यालय संचालित हैं जिसमें सह-शिक्षा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पढ़ाई सम्पन्न होती है ।

3- कंडिका (1) एवं (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है ।

## मदरसा भवन निर्माण

७१. **श्री हुसैन अंसारी :** क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि देवधर जिले के कटों प्रखण्ड के ग्राम बढीया, सारेवा प्रखण्ड के ग्राम खुरसुरा नवाडीह, मोहनपुर प्रखण्ड के ग्राम बलथर में विहार मदरसा बोर्ड से सरकारी मदरसा कार्यरत है,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मदरसों के भवन नहीं रहने के कारण मदरसों के छात्र-छात्राएं वृक्ष के नीचे बैठकर पढ़ने के लिए विवश है,

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार, उक्त मदरसों के भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**श्री जय प्रकाश ना0 यादव ::** 1- उत्तर नाकारात्मक है । यह गैर सरकारी प्रस्वीकृत मदरसा है ।

2- इस संबंध में सूचना प्राप्त की जा रही है ।

3- इस संबंध में अंकित करना है कि राज्य सरकार द्वारा राजकीय मदरसों के कर्मियों को वेतनादि के भुगतना हेतु अनुदान के रूप में राशि स्वीकृत की जाती है । मदरसा के भवन निमार्ण हेतु बजट में राशि का कोई उपबंध नहीं है । अतः मदरसा के भवन का निर्माण संभव नहीं है ।

अध्यक्ष : प्रश्नोत्तर काल समाप्त ।

जिन प्रश्नों के उत्तर तैयार हों, उन्हें सभा की मेज पर रख दिया जाय।

अब शुन्यकाल होगा ।

**पटना**

**दिनांक 30 जुन, 1998 ई०**

**गोपाल जी**

**प्रभारी सचिव**

**बिहार विधान-सभा**

# दैनिक निबंध

## मंगलवार, तिथि ३० जुन, १९९८ ई०

## प्रश्नों के मौखिक उत्तर - ५

### अल्पसूचित प्रश्नोत्तर (मौखिक)

| क्र०सं० | प्रश्न सं० | शीर्षक |
|---|---|---|
| 1 | 6 | शिक्षा परियोजना ... शुरू करने का औचित्य |
| 2 | 10 | राजस्व का हिफाजत |
| 3 | 12 | पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाई |

### तारांकित प्रश्नोन्तर (मौखिक)

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 70 | कन्या उच्च विधालय का स्थापना |
| 5 | 440 | मदरसा भवन का निर्माण |